# पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है, जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 26.02.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।






## थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने हत्या की घटना का किया सफल अनावरण,

## घटना से सम्बन्धित 05 नफर वांछित अभियुक्तों को मय आलाकत्ल के साथ किया गिरफ्तार।

दिनांक 10.12.2023 को मुकदमा वादी विश्वनाथ पुत्र लालजू अहिरवार निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाडी जनपद महोबा द्वारा अपने नाती अमित कुमार पुत्र सिद्धगोपाल उम्र 16 वर्ष की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गला रेतकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में तहरीर दी गई थी जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 216/23 धारा 302 भादवि पंजीकृत किया गया था।

घटना के सफल अनावरण व अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में तथा श्री सत्यम्, अपर पुलिस अधीक्षक व सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में थाना स्तर पर विभिन्न टीमों का गठन करते हुए सक्रिय किया गया।

जिसके क्रम में आज दिनांक 26.02.2024 को प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी अवधेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की जा रही थी तभी मुखबिर खास ने सूचना दी कि दिनांक 10.12.2023 को जिन व्यक्तियों द्वारा अमित कुमार की हत्या की गयी थी वे सभी महुआ कुलपहाड रोड तिराहे पर एकत्रित होकर कहीं भागने की फिराक में है। उक्त प्राप्त सूचना के आधार पर मौके पर पहुँचकर अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त किये गये एक अदद आला कत्ल चाकू व एक अदद मोबाइल(जिससे इन्सटाग्राम कॉल के माध्यम से वादी के नाति को बेर खाने के बहाने खेत पर बुलाया गया था) जिसके घटना में प्रयुक्त किये जाने के पर्याप्त साक्ष्य संकलन कर बरामद किया गया। विवेचना के दौरान प्रकाश में आये अभियुक्तों का विवरण निम्नवत है:- 1.मुकेश श्रीवास पुत्र स्व० अवध श्रीवास उम्र 22 वर्ष 2.धर्मेन्द्र राजपूत पुत्र हलकुट्टा राजपूत उम्र 25 वर्ष 3. अक्षय यादव पुत्र स्व० श्याम करन यादव उम्र 17 वर्ष 4. गोलू उर्फ नितिन साहू पुत्र अरविन्द साहू उम्र 17 वर्ष 5. हिमांशू यादव पुत्र प्रेमनारायण यादव उम्र 17 वर्ष के विरूद्ध मुकदमा उपरोक्त में बढोत्तरी धारा 302/504/506/120 बी/34 भादवि व 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5, 3(2)5क एससी/एसटी एक्ट में आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. मुकेश श्रीवास पुत्र स्व० अवध श्रीवास उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाडी जनपद महोबा
2. धर्मेन्द्र राजपूत पुत्र हलकुट्टा राजपूत उम्र 25 वर्ष निवासी रजौनी थाना महोबकंठ जिला महोबा
3. अक्षय यादव पुत्र स्व० श्याम करन यादव उम्र 17 वर्ष निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाडी जनपद महोबा
4. गोलू उर्फ नितिन साहू पुत्र अरविन्द साहू उम्र 17 वर्ष निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाडी जनपद महोबा
5. हिमांशू यादव पुत्र प्रेमनारायण यादव उम्र 17 वर्ष निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाडी जनपद महोबा

बरामदगी का विवरण:-

1. घटना में प्रयुक्त किये गये एक अदद आला कत्ल चाकू
2. एक अदद मोबाइल

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अवधेश कुमार मिश्र
2. का0 प्रमोद कुमार 3. का0 पवन कुमार
4. का0 कौशल प्रताप 5. का0 मिथुन कुमार

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 26.02.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा
उत्तर प्रदेश पुलिस

## जनपदीय पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने सर्किल/थाना/चौकी क्षेत्रांतर्गत व्यापारिक प्रतिष्ठान, सर्राफा बाजार एवं वित्तीय संस्थानों के आस-पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों के आसपास से टप्पेबाजी जैसी घटनाओं पर पूर्णरुप से अंकुश लगाये जाने हेतु संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी कर उन पर कार्यवाही किए जाने के क्रम में आज दिनांक 26.02.2024 को जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले बैंकों, एटीएम, व्यापारिक प्रतिष्ठान, सर्राफा बाजार एवं वित्तीय संस्थान तथा प्रमुख चौराहों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, अभियान के क्रम में बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों, बॉर्डर से लगे बैरियर तथा वाहनों की चेकिंग की गयी। बैंक के आसपास बिना किसी कारण घूमने वालों को कार्यवाही की चेतावनी भी दी गयी, बैंक के भीतर ग्राहकों को क्रमवार खड़ाकर अपनी बारी का इंतजार कर व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया।

किसी भी प्रकार की लूट, छिनैती या टप्पेबाजी जैसी घटना को रोकने के लिए प्रमुख मार्गों, चौराहों तथा सूनसान स्थानों पर जनपदीय पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों तथा काली फिल्म वाली गाड़ियों व संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की विशेष रूप से चेकिंग की गयी, साथ ही दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट घूमने वाले लोगों की सघन चेकिंग कर चालान किया जा रहा है।

